सेवा में,

श्रीमान जिलाधिकारी महोदया, ......,

फतेहपुर, उत्तरप्रदेश ................................ ।

**विषय: गाटा संख्या 39 के कास्तकारो के द्वारा गाटा संख्या 45 (मार्ग ) और गाटा संख्या 46 ( नवीन परती) की भूमि को आपने रकबे में मिलाकर अवैध रूप से कब्जा करने के संबंध में ।**

महोदय,

निवेदन है कि ग्राम सभा रामपुर बकेवर पोस्ट खजुहा थाना बकेवर तहसील बिंदकी परगना कोड़ा जिला फतेहपुर की गाटा 45 जो बतौर खतौनी में चकमार्ग दर्ज है व गाटा संख्या 44 रकबा जो बतौर नाला दर्ज है और गाटा संख्या 46 नवीन परती रकबा 0.4050 हेक्टेयर दर्ज है। उक्त गाटो में अवैध कब्जेदारो ने कब्जा कर रक्खा है। उक्त गाटा संख्या 45 चकमार्ग व गाटा संख्या 46 नवीन परती पर गांव के रामचंद्र पुत्र बृजलाल द्वारा हालांकि में भवन निर्माण का अवैध कब्जा कर रहे थे। जिस पर राजस्व निरीक्षक शिवराम द्वारा दिनांक 24/05/2024 को पुलिस बल के साथ कार्य रुकवा दिया था, जो विभिन्न समाचारों पत्रों में प्रकाशित हुआ था। जिसका संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी महोदय ने राजस्व टीम गठित करके उक्त भूमि की पैमाईश कर कब्जा मुक्त कराने का दिनांक 31/05/2024 को आदेश दिया था। परंतु टीम में राजस्व लेखपाल कौशल कुमार पटेल को ले गए थे, राजस्व लेखपाल कौशल कुमार पटेल की सगी बहन सुषमा देवी पत्नी संजय सिंह पुत्र परमानंद को ब्याही है। जिसकी शादी उक्त ग्राम में हुई है। जिसने अपने रिश्तेदारों के लोगो का पक्ष लिया तथा अजय मिश्रा जी भी वा राजस्व निरीक्षक शिवराम आदि को लेकर गए थे और क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप को लेकर नही गए और मौके पर कोई पैमाईश नही किया और शिकायतकर्ता व ग्राम प्रधान को भी सूचित नही किया, ग्रामवासी इंतजार करते रहे और क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप से फोन से संपर्क करने पर बताया गया की उक्त गाटा के नाप के विषय में गठित कमेटी के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। कब्जेदार गांव में अफवाह फैला रहे थे कि उक्त गाटो के नाप की रिपोर्ट हमने अपने मनमुताबिक अपने लेखपाल रिश्तेदारों से रिपोर्ट लगवा दी

Scanned with CamScanner

तत्पश्चात ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी महोदय बिंदकी और राजस्व निरीक्षक को फोन से वार्ता कर सूचित किया , तब दूसरे दिन दिनांक 01/06/2024 को सुबह 08 बजे कब्जेदारो के घर में बैठ कर उनके हितैसी एवम परिवार के लोगो के फर्जी बयान लिए की नाप हो गई है।

अतः श्रीमान जी से विन्नम निवेदन है **कि नई राजस्व टीम गठित** करके नाला गाटा संख्या 44, चकमार्ग गाटा संख्या 45 खुलवाया जावे एवम नवीन परती गाटा संख्या 46 रकबा 0.4050 हेक्टेयर को खाली कराया जाना ग्राम विकासहित में अति आवश्यक एवम प्रार्थनीय है एवम कब्जेदारों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा करें। महान दया होगी।

धन्यवाद

दिनांक: 10/06/2024

संलग्नक: 1. उपरोक गाटा संख्या के खतौनी की छायाप्रति

2. ग्राम रामपुर बकेवर के नक्शे की छायाप्रति

प्रार्थिगण

ग्राम रामपुर बकेवर पोस्ट खजुहा तहसील
बिंदकी
परगना कोड़ा जिला फतेहपुर।

1. शिवपाल 9415485181
2. पवन पटेल

Arpit Patel

रामसजीवन पटेल

अशोक कुमार

रामनारायण

राजेश

रामविशाल

राजनरायन

[illegible]

योगेश कुमार

शंकर दयाल

अलोपी प्रसाद

गंगादुलारी

रजनी

हीरालाल

अ०नि० नसीबन

मनोज कुमार

अ०नि० कौशिल्या देवी

अ०नि० शिवप्यारी

वन्दना देवी

अमित पटेल

रेनू

रामचन्द्र